# शिरोमणी अकाली दल को चंडीगढ़ बड़ा समर्थन मिला

## सैंकड़ों नौजवान सरबजीत सिंह झिंझर और हरदीप सिंह बुटरेला की मौजूदगी में भाजपा, कांग्रेस तथा बसपा छोड़कर अकाली दल में शामिल हुए

**तेजयुग न्यूज़/सुनील कुमार पांडेय**




**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ में शिरोमणी अकाली दल को उस समय बहुत बड़ा समर्थन मिला जब कांग्रेस के नेता हरसिमरत सिंह सिद्धू, बसपा के नेता आकाश पुहल तथा भाजपा के नेता शरनजीत सिंह रंधावा, दविंदर सिंह तथा कृश अपने सैंकड़ों समर्थकों समेत अकाली दल में शामिल हो गए। इन पार्टियों के नेताओं का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत करते हुए यूथ अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार सरबजीत सिंह झिंझर तथा अकाली दल की चंडीगढ़ इकाई के प्रधान तथा पार्षद सरदार हरदीप सिंह बुटरेला की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। इन नेताओं का स्वागत करते हुए यूथ अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार सरबजीत सिंह झिंझर तथा चंडीगढ़ इकाई के प्रधान सरदार हरदीप सिंह बुटरेला तथा सरदार गुरप्रीत सिंह प्रधान यूथ अकाली दल चंडीगढ़ ने कहा कि इन युवाओं ने देख लिया है कि पंजाब तथा चंडीगढ़ की आवाज यदि कोई सुनता तो सिर्फ तथा सिर्फ शिरोमणी अकाली दल है तथा इसीलिए वह पार्टी में शामिल हुए हैं।

इस अवसर पर सरदार सरबजीत सिंह झिंझर ने पंजाब के मसलों की बात करते हुए कहा कि दो सालों में न तो नौजवानों को कोई रोजगार मिला, बल्कि जो कुछ नौकरियां दी गई, वह राज्य के बाहर के युवाओं को दी गई। उन्होंने कहा कि खेलों के मामले में गांवों में खेल स्टेडियमों तथा जिम के लिए ओपन फंड अकाली दल की सरकार के समय ही दिए जाते थे जो मौजूदा सरकार के दौरान बंद कर दिए गए हैं। यूथ अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि तीसरा सबसे बड़ा मुददा नशे का है जिसके बारे मुख्यमंत्री भगवंत मान स्वयं दावा करते थे कि चिटटा खुद नही बिता सरकार बिकवाती है। उन्होने कहा क आज पंजाब में जगह-जगह चिटटा बिक रहा है। गांव-गांव तथा मौहल्लों तक पहुंच रहा है तथा नशे से मरने वालों की गिनती 10 गुना ज्यादा हो गई है। सरदार झिंझर ने कहा कि आप पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल कहते थे कि यदि सरकारें इमानदार हों तो नशा कुछ ही दिनों में बंद हो सकता है परंतु दो सालों में यह नशा बंद करने में विफल रहे हैं। अकाली नेता ने कहा कि शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल पंजाब, पंजाबी तथा पंजाबियत के मुददे पर अकेले चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होने कहा कि पंजाब बचाओ यात्रा को पंजाबियों द्वारा अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। शहरों के साथ-साथ गांवों की महिलाओं, बहनों तथा माताओं, किसान, नौजवान समेत हर वर्ग अकाली दल अध्यक्ष का स्वागत कर रहा है।

यूथ अकाली नेता ने कहा कि पिछले सात सालों में पंजाबियों के साथ धोखा हो रहा है, उसका बदला लेने के लिए पंजाबी अकाली दल को जीताने पर तुले हुए हैं। उन्होने कहा कि शिरोमणी अकाली दल पंजाब की इकलौती पार्टी है जो पंजाब, पंजाबी तथा पंजाबियत के साथ खड़ी है तथा राज्य की तरक्की के विकास के लिए खड़ी है। इस अवसर पर हरदीप सिंह बुटरेला ने कहा कि चंडीगढ़ में पहली बार अकाली दल अकेले चुनाव लड़ेगा। उन्होने कहा कि इस चुनाव में हम यहां के स्थानीय मुददों की बात करेंगें। उन्होने कहा कि उन्हे चंडीगढ़ की संगत ने बार-बार मतदान करके चुना है तथा उन्हे उम्मीद है कि लोकसभा चुनावों मं संगत अकाली दल के पक्ष में फतवा देगी।

इस अवसर पर हरदीप सिंह बुटरेला ने कहा कि चंडीगढ़ में पहली बार अकाली दल अकेले चुनाव लड़ेगा। उन्होने कहा कि इस चुनाव में हम यहां के स्थानीय मुददों की बात करेंगें। उन्होने कहा कि उन्हे चंडीगढ़ की संगत ने बार-बार मतदान करके चुना है तथा उन्हे उम्मीद है कि लोकसभा चुनावों मं संगत अकाली दल के पक्ष में फतवा देगी।

# परम संत शिरोमणी सत गुरू रविदास जी महाराज का 5वां विशाल सत्संग धूमधाम से किया गया



**तेजयुग न्यूज़/नरेश गर्ग**

**लाडवा :** लाडवा के अम्बेडकर नगर में परम संत शिरोमणी सत गुरू रविदास जी महाराज का 5वां विशाल सत्संग धूमधाम से किया गया। आयोजक प्रेम चंद ने आरती से सत्संग का शुभारंभ किया। वहीं गुरू गद्दी शुक्रताल के प्रबंधक महात्मा गोवर्धन दास ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

महात्मा गोवर्धन दास ने कहा कि हमें नशे को त्याग कर संतो व महापुरूर्षो की जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग सुनने से जन्म-जन्म के पाप कट जाते हैं और मनुष्य को सुख-शांति मिलती है। वहीं सत्संग के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। मौके पर प्रेम चंद जैनपुर, संदीप दास, जगीर सिंह, सुल्तान, जसमेर सिंह, रमेश चंद, महिन्द्र पाल, आतिश कुमार, इमना कटारिया, मनोज कुमार, विक्रम, सोमनाथ, गुरदेव, रेशमा रानी, पूजा रानी, डिम्पल, राजबाला आदि मौजूद थे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने शहर में अपने आवास से शुरु की मैं हूं मोदी परिवार की नेम प्लेट लगाने की शुरुआत

## सिटी ब्यूटीफुल में पांच हजार से ज्यादा लोग स्वेच्छा से लगा रहे हैं मैं हूं मोदी परिवार की नेम प्लेट : जितेंद्रपाल मल्होत्रा

**तेजयुग न्यूज़/सुनील कुमार पांडेय**




**चंडीगढ़:** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने मैं हूं मोदी परिवार की नेम प्लेट अपने घर में लगाकर इस मुहिम की शुरुआत आज सिटी ब्यूटीफुल में की। उन्होंने कहा कि अगले दिनों में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का समर्थन करने वाले नागरिकों की घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर इस तरह की नेम प्लेटें दिखाई देंगी।

मल्होत्रा के मुताबिक मैं हूं मोदी परिवार की नेम प्लेट लगाने वाले यह स्वेच्छा से लगाएंगे,ना कि किसी के दबाव में।इस तरह की पांच हजार से ज्यादा नेम प्लेट लगाने वालों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी सहमति जताई है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ में भाजपा के प्रति एकतरफा माहौल है। लोगों में भाजपा के प्रति उत्साह है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का संयुक्त उम्मीदवार इस चुनाव में चारों खाने चित होने वाला है। भाजपा को यह सफलता उसके द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनता के हित में बनाई गई योजनाओं के कारण मिल रही है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता संपर्क अभियान चलाकर बूथ स्तर पर लोगों को भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करा रहे हैं। इसी के साथ छह अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस की तैयारियां भी जारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में जरूरतमंद लोगों की समस्या को समझा और आयुष्मान से स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा चक्र प्रदान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सवाल उठाता रहा है कि भाजपा जम्मू कश्मीर में 370 और राम मंदिर के नाम पर राजनीति करती है,लेकिन अपने वायदों पर खरा उतरते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष को इस चुनाव में बोलने लायक नहीं छोड़ा।

# हिसार मंडल की आयुक्त गीता भारती ने खेतों में जाकर गिरदावरी के मिसमैच डाटा का किया निरीक्षण

**चंडीगढ़ :** हिसार मंडल की आयुक्त गीता भारती ने शनिवार को सिरसा के गांव खेड़ी के खेतों में पहुंच कर वहां पर रबी फसल-2024 की गिरदावरी के मिसमैच डाटा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, कोई भी फसल मिसमैच न हो। उन्होंने मिसमैच गिरदावरी की गहनता से जांच पड़ताल की। आयुक्त ने गांव खेड़ी का कुल रकबा सरसों बिजाई का कुल रकबा तथा गेहूं व अन्य फसलों की गिरदावरी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुल सरसों का एरिया कितना है, मिसमेच कितना एरिया है। इस अवसर पर एसडीएम राजेंद्र कुमार, तहसीलदार शुभम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# आयकर विभाग द्वारा नोटिस आने पर कांग्रेस पार्टी चंडीगढ़ ने जताया विरोध दर्ज करवाया एवं भाजपा पर लगाया आरोप

## अपनी निश्चित हार के डर से भाजपा सरकार ओच्छे हथकंडे अपना रही है : कांग्रेस

**तेजयुग न्यूज़/सुनील कुमार पांडेय**

- आय कर विभाग भाजपा के दबाव में कांग्रेस को गलत नोटिस भेज रहा है
- कांग्रेस के पिछले आठ साल के आयकर केस दुबारा खोले जाना अन्याय पूर्ण
- कांग्रेस को 1823 करोड़ जमा करने के ताजा नोटिस गैरकानूनी : कांग्रेस



**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एच. एस लक्की के नेतृत्व में आज कांग्रेस पार्टी ने भाजपा द्वारा कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज करने और भारत के लोकतंत्र को विफल करने के लिए उनके अवैध और हताशा भरे प्रयासों के खिलाफ एक अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता आज आयकर विभाग द्वारा सभी नियमों और कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए कांग्रेस पार्टी को 1823 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए ताज़ा नोटिस दिए जाने के विरुद्ध लामबंद हुए थे।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव शर्मा ने भाजपा के तानाशाही रवैये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की इजाज़त देने से इन्कार करने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की आलोचना की, जिसके कारण कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को अपने पार्टी कार्यालय की छत पर चढ़ कर भाजपा के विरोध में नारे लगाकर, थाली बर्तन बजा कर और काले झण्डे लहरा कर प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ा।

इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस के अध्यक्ष एच् एस लक्की ने कहा कि एक सरासर अन्याय पूर्ण और मनमानी कार्यवाही करते हुए आय कर विभाग ने कांग्रेस पार्टी के पिछले आठ वर्षों के आयकर मामलों को फिर से खोल दिया है, जिनका पहले ही न्यायसंगत आकलन हो चुका था । ऐसा इसलिए किया गया कि कांग्रेस पार्टी धन की कमी के कारण आगामी आम चुनाव न लड़ सके। लक्की ने कहा कि भाजपा जानबूझ कर प्रमुख विरोधी पार्टी को निशाना बना कर देश में लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश कर रही है। इसी तरह की हताशा पूर्ण कार्रवाई से यह भी संकेत भी मिलता है कि भाजपा देश में तेजी से अपनी जमीन खो रही है और आने वाले चुनाव में देश की जनता उसे सत्ता से बाहर को तैयार बैठी है, जिसका अंदेशा उसे हो चुका है।

कांग्रेस पार्टी ने भाजपा द्वारा देश में विरोधी दलों के खिलाफ केंद्रीय एजेन्सियों का दुरूपयोग किए जाने के खिलाफ अपना विरोध आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रमुख कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जी.एस कम्बोज, एस.ए खान, राजीव मौदगिल, अच्छे लाल गौड़, जाहिद परवेज़ खान, सचिन गालव, बीरेंद्र रावत, नरिंदर नंदी, सुरजीत ढिल्लों, सागर सिंह, संजीव गाबा, सुभाष गहलोत, मनोज लुबाना, राहुल वासु, सुभाष पाल, बलविंदर कौर, सुलेमान, गुरदर्शन सिंह, अजय कुमार, हरजिंदर सिंह, आनंद वालिया, मुकेश, रणजोत सिंह, सोनिया जायसवाल, सतबीर सांगवान, राकेश बरोटिया, सरबजीत कौर और विक्टर सिद्धू शामिल थे।

# सीवन पब्लिक स्कूल ने घोषित किया वार्षिक परीक्षा परिणाम

## विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व वार्षिक प्रगति रिपोर्ट देकर किया प्रोत्साहित

- सभी के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में सीवन पब्लिक स्कूल ने स्थापित किए उच्च आयाम : डॉ. रामनिवास शर्मा

**तेजयुग न्यूज़/कृष्ण प्रजापति**




**कैथल :** सीवन पब्लिक स्कूल, सीवन में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।प्रधानाचार्य डॉ. रामनिवास शर्मा एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों अमरेन्द्र खारा, पवन शर्मा, विवेक गोयल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व वार्षिक प्रगति रिपोर्ट देकर प्रोत्साहित किया। डॉ. रामनिवास शर्मा ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में सीवन पब्लिक स्कूल सीवन क्षेत्र का सर्वोत्तम स्कूल है, जिसने थोड़े ही समय में शिक्षा के क्षेत्र में उच्च आयाम स्थापित किए हैं।उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाता है।

अमरेन्द्र सिंह खारा एवं पवन शर्मा ने बताया कि स्कूल की स्थापना 2017 में की गई थी। स्थापना के पीछे केवल एक ही उद्देश्य था सीवन क्षेत्र को एक अच्छा शिक्षण संस्थान देना, जिसमे बच्चों का चहुंमुखी विकास हो सके और उसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। वार्षिक परीक्षा परिणाम प्राप्त करने आए बच्चे एवं उनके अभिभावक काफी उत्साहित थे। उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर उप-प्रधानाचार्या प्रतिभा ने समस्त विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल को-ऑर्डिनेटर कुलदीप कौर, ममता गांधी एवं स्कूल स्टाफ विनोद, वर्षा, निर्दोष, मनीष , सुखबीर, गौरव, गीता, रितु, ममता, रजनी, शिवानी, चंचल, नीतू, पूजा, नीतू धीमान, रेखा, हरजीत, आरती, शिल्पा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



# राजकीय उच्च विद्यालय में बच्चों को वैस्ट को बैस्ट बनाने, प्रदूषण से बचने व गंदगी न फैलाने बारे बताया गया

**लाडवा :** गांव दबखेड़ा के राजकीय उच्च विद्यालय में बाईहायर एजुकेशन संस्थान द्वारा साईंस रीडिंग मोनटरिंग ऑफ स्कूल आयोजित किया गया। जिसका संचालन मुख्यातिथि के रूप में डा. अरविंद गर्ग द्वारा किया गया। डा. अरविंद गर्ग ने बच्चों को कई प्रयोग करकर दिखाए, बच्चों को वैस्ट को बैस्ट बनाने, प्रदूषण से बचने, गंदगी न फैलाने व साईस विषय को पढने् पर जोर दिया गया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतियोगिता करवाई। जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया व प्रतियोगिता में रहे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्याध्यापिका डा. कमलेश कुमारी, विपिन कुमार, राजकुमार, रणधीर सिंह, मलकीत सिंह, हरदीप कौर, रेखा रानी, राज बाला, जितेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, विकास आदि मौजूद थे।

# रिपू सुदन सिंह गीता विद्या मंदिर स्कूल बाबैन का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**तेजयुग न्यूज़/राजेश कुमार**

**बाबैन:** रिपु सूदन सिंह गीता विद्या मंदिर स्कूल बाबैन मे वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ और स्कूल का परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा। इस मौके पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्या पूनम सैनी ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन के लिए अभिभावकों व स्कूल स्टाफ को हार्दिक बधाई दी और कक्षा में प्रथम, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे बच्चों को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पूनम सैनी ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे लिए बड़े हर्ष का विषय है कि हमारे विद्यालय के बच्चे सफलता का एक पायदान पार कर अपनी मंजिल की ओर बढ़े हैं। उन्होंने परीक्षा -परिणाम जानने आए बच्चों व उनके माता-पिता को बधाई दी और विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को आगे बढने् के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रिपू सुदन सिंह गीता विद्या मंदिर स्कूल के बेहतर परिणाम के लिए स्कूल के स्टाफ द्वारा करवाई गई कडी मेहनत का अहम योगदान रहा है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि रिपू सुदन सिंह गीता विद्या मंदिर स्कूल में जहां बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा दी जा रही है वहीं स्कूल में बच्चों को बेहतर संस्कार देने का प्रयास भी किया जा रहा है ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल बन सके।



# भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वादा करने वाली आम आदमी पार्टी खुद भ्रष्टाचार में संलिप्त : मदन चौहान

**चंडीगढ़ :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर निगम यमुनानगर के निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सच्चाई आज सारे देश के सामने है। ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का वादा कर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी ने जो गुल खिलाए वो आज सबके सामने है। मदन चौहान ने कहा की आम आदमी पार्टी का न तो दिल्ली में अब कोई विशेष महत्व है और न ही हरियाणा में कोई आधार है। ईमानदारी की ताल ठोकने वाले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और उनके कई मंत्री जेल में है। आम आदमी पार्टी केवल और केवल झूठ की राजनीति पर आधारित है। अरविंद केजरीवाल ने जो भी दावे किए धरातल पर सब धराशाई हुए। पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा वो करके दिखाया। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर भारत का नाम ऊंचा किया है। जनता के प्यार और समर्थन से तीसरी बार भी केंद्र और प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा और भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि केवल देश में यदि कोई विकास कर सकता है तो वह भाजपा सरकार कर सकती है। पिछले 10 साल में जितना भी विकास कार्य बीजेपी सरकार के कार्यकाल में हुआ उतना 70 साल के कांग्रेस के कार्यकाल में भी नहीं हुआ। केवल आम आदमी पार्टी व कांग्रेस झूठ की राजनीति करती है। भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता में रहते हुए ऐसे अनेक काम किए हैं जो कांग्रेस कभी नहीं कर सकती। रामलला की जन्मभूमि पर राम मंदिर निर्माण करना भाजपा का सबसे अहम मुद्दा रहा है।

# कांग्रेस पार्टी को आर्थिक तौर पर कमजोर करने के लिए खातों से पैसे निकाले : शैलजा

## मुख्यमंत्री बदला मगर व्यवस्था नहीं

**तेजयुग न्यूज़**



**चंडीगढ़ :** पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने आरोप लगाया कि देश की एक बड़ी राजनीतिक पार्टी को कमजोर करने के लिए इलेक्ट्रॉल बांड,टैक्स के जरिए खातों से पैसे निकाले गए हैं । इस समय पार्टी आर्थिक संकट से जूझ रही है।

हमारा चुनाव हमेशा ही जनता लड़ती है अब भी जानता ही लड़ेगी। हमारी पार्टी के साथ जो इन्होंने किया है इसका जवाब जनता चुनाव में देगी। कुमारी शैलजा आज यहां एक पत्रकार वार्ता में बोल रही थी। कांग्रेस भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कुमारी शैलजा से सिरसा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का आग्रह करते हुए उनके पक्ष में नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने पूर्व मंत्री जगदीश नेहरा के आवास पर जलपान के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

कुमारी शैलजा ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की एक जगह होती है मगर विपक्ष के लोगों को केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग कर दबाया जा रहा है। जब विपक्ष में हो तो केस से दबाया जाता है, जब भाजपा में आ जाते हैं तो गंगा स्नान हो जाता है ,साफ हो जाते हैं, सारे दोष मिट जाते हैं यह सब बार-बार देख रहे हैं। आज हालात यह हैं कि देश की 40 फ़ीसदी संपत्ति एक परसेंट लोगों के पास है। यह सब सरकार की गलत नीतियों के कारण हुआ है। भजपा ने 10 वर्ष तक जनता की आंखों में धूल झोंकी है। यह लोग आज चुनाव आए हैं मंदिर की बात करेंगे कुछ ओर बात करेंगे मगर आज देश का युवा रोजगार मांग रहा है ,आज हर कोई महंगाई से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इन सभी बातों पर आमजन का ध्यान आकर्षित करने के लिए 10 हजार किलोमीटर की यात्रा की। राहुल गांधी ने इस दौरान हर वर्ग से बात की। आप बताएं कि प्रधानमंत्री ने कभी किसी से बात की मीडिया से बात की कभी उन्होंने किसी का सवाल सुना। वे जवाब देना किसी को उचित नहीं समझते।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में चुनाव से पहले एक ड्रामा रच कर मुख्यमंत्री बदला गया। चेहरा बदला मगर व्यवस्था नहीं बदली। लोगों को भारतीय जनता पार्टी की कमजोरी नजर आने लगी है। सत्ता की जमीन खिसक रही थी इसलिए मुख्यमंत्री बदला। गठबंधन तोड़ना भी एक दिखावा है। गठबंधन टूटने की बात आमजन में पहले से ही चर्चा में थी कि चुनाव आएगा गठबंधन टूटेगा, यह मात्र दिखावा है । कितने वर्ष तक भ्रष्टाचार चला उसका जवाब कौन देगा।हरियाणा में कांग्रेस पार्टी 10 की 10 लोकसभा सीटों पर अपना दावा ठोकेगी। अगर पार्टी हाई कमान ने उसे लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा तो वह पार्टी का आदेश मानेंगी।